# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 7 Hindi 3rd Lang. | Department: Hindi | Date: Aug,2026 |
|---|---|---|
| Study Material | Topic: व्याकरण तथा रचना | Note: PI File in portfolio |

1. अ, आ, उप, प्र, अधि , सु तथा वि उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाइए :

1. अ + मर = अमर , अ + धर्म = अधर्म
2. आ+ जीवन = आजीवन , आ + लोक = आलोक
3. उप + मंत्री = उपमंत्री , उप + देश = उपदेश
4. प्र + योग = प्रयोग , प्र + मुख = प्रमुख
5. अधि + नियम = अधिनियम , अधि + वक्ता = अधिवक्ता
6. सु + पुत्र = सुपुत्र , सु + कर्म = कर्म
7. वि + शेष = विशेष , वि + ज्ञान = विज्ञान

2. ता, त्व , ई, पा, आई , पन , इक प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाइए :

1. सुंदर + ता = सुंदरता , कोमल + ता = कोमलता
2. पशु + त्व = पशुत्व , मनुष्य + त्व = मनुष्यत्व
3. भला + ई = भलाई , अच्छा + ई = अच्छाई
4. बूढ़ा + पा = बुढ़ापा , मोटा + पा = मोटापा
5. लिख + आई = लिखाई , पढ़ + आई = पढ़ाई
6. बच्चा + पन = बचपन , लड़का + पन = लड़कपन
7. मुख + इक = मौखिक , मास + इक मासिक

3. वृक्ष, पानी, धरती, आकाश, हवा, सूर्य, मनुष्य शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

1. वृक्ष - पेड़, तरु
2. पानी - जल, नीर
3. धरती - धरा, भूमि
4. आकाश - गगन, नभ
5. हवा - पवन, समीर
6. सूर्य - सूरज, रवि
7. मनुष्य - मानव, आदमी

4. अनुच्छेद: वृक्षों के लाभ

वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं। वे हमें शुद्ध हवा, फल, फूल, लकड़ी और छाया देते हैं। वृक्ष वातावरण को स्वच्छ रखते हैं और प्रदूषण कम करते हैं। वे पक्षियों और जानवरों को रहने का स्थान भी देते हैं। वृक्षों से वर्षा होने में सहायता मिलती है और गर्मी भी कम होती है। यदि अधिक पेड़ होंगे, तो हमारा पर्यावरण हरा-भरा और सुंदर रहेगा। इसलिए हमें पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए और हर वर्ष अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना करना बहुत कठिन है।

5. बगीचे का चित्र-वर्णन :



यह एक सुंदर बगीचा है। इसमें रंग-बिरंगे फूल खिले हैं। हरी घास और बड़े-बड़े पेड़ बगीचे की शोभा बढ़ा रहे हैं। बच्चे खेल रहे हैं और पक्षी चहचहा रहे हैं। वातावरण स्वच्छ और मनमोहक है। एक मेंढक और दो गिलहरियाँ भी हैं। दो चिड़ियाँ उड़ रही हैं। दो बच्चे झूला झूल रहे हैं, और दो व्यायाम कर रहे हैं। सभी लोग बगीचे की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं।